**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2567 का उत्तर**

**रेलपथ पर दीवारों और बाड़ का निर्माण तथा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी**

**2567. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार का देश में संवेदनशील और खुले क्षेत्रों में सुरक्षित रेलपथ बनाने का विचार है;**

**(ख) यदि हां, तो इस हेतु चिह्नित क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) संपूर्ण देश में रेलपथ पर दीवारों और बाड़ के निर्माण तथा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के लिए क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): गाड़ी परिचालन में संरक्षा बेहतर करने के लिए अनधिकृत प्रवेश, अतिक्रमण, जानवरों और वाहन यातायात आदि को रोकने के लिए रेलपथ के साथ-साथ बाड़/चहारदीवारी बनाई जा रही है। अतिसंवेदनशील समझे गए/पाए जाने वाले स्थानों को प्राथमिकता देते हुए कार्यों को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया गया है। नवंबर, 2024 तक लगभग 7,500 किलोमीटर की बाड़/चहारदीवारी निर्मित की जा चुकी है।**

*********

SK